डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/ 122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 67 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 16 दिसम्बर 2023 | मूल्य 2 रुपया




## प्राकृतिक लाईट से रोशन हो रहे 205 स्थान



### मालवा-निमाड़ में लाखों यूनिट बिजली की हो रही बचत

**मंदसौर, 15 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** सूरज की किरणों को अपने मकान, दुकान, कार्यालय, कारखाने व अन्य परिसर पर सोलर पेनल्स लगाकर बिजली तैयार करने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अब मालवा व निमाड़ में करीब 10 हजार 650 स्थानों पर रूफटॉप सोलर नेट मीटर योजना के तहत सेटअप लगाकर बिजली तैयार हो रही है। भगवान पशुपतिनाथ के मंदसौर जिले में 205 स्थानों पर सूरज की किरणों से बिजली तैयार हो रही हैं।

**मालवा में यह है स्थिति...**

जहां मंदसौर में 200 से अधिक स्थानों पर सूरज की किरणों से बिजली तैयार हो रही है तो मालवा के अन्य क्षेत्र भी पीछे नहीं है। मालवा में औद्योगिक शहर व मिनी मुंबई के नाम से प्रसिद्ध इंदौर शहर, सुपर कॉरिडोर, बायपास पर कुल 6 हजार 300 स्थानों पर सूरज की किरणों से बिजली तैयार हो रही है। इसी तरह महाकाल लोक के उज्जैन जिले में 1310 स्थानों पर, नमकीन के शहर रतलाम जिले में 450 स्थानों पर, कपास के लिए प्रसिद्ध खरगोन जिले में 360 स्थानों पर, सीआरपीएफ के लिए प्रसिद्ध नीमच जिले में 227 स्थानों पर, मां चामुंडा के जिले देवास जिले में 260 स्थानों पर सूरज की किरणों से बिजली तैयार हो रही है। अन्य जिलों में भी 25 से 150 स्थानों पर सौर ऊर्जा से बिजली मिल रही है। कंपनी क्षेत्र के सभी 55 कार्यपालन यंत्रियों को रूफटॉप सोलर नेट मीटर प्रकरण मंजूरी के अधिकार है।

**पौने दो हजार प्रकरणों को मंजूरी...**

रूफटॉप सोलर नेट मीटर केंद्र व राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजना है। इस पर कंपनी हर संभव पहल कर इच्छुक बिजली उपभोक्ताओं के अपने परिसरों पर सोलर पेनल्स लगाने के आवेदनों का तेजी से निराकरण कर मंजूरी देती है। पिछले छः माह में ही बिजली कंपनी स्तर पर पौने दो हजार प्रकरणों की मंजूरी दी गई है। उपभोक्ता प्रतिमाह 4-4.5 करोड़ रुपए बाजार कीमत की बिजली तैयार कर रहे हैं। यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी अभिनव पहल है।

**इसलिए है पसंद...**

रूफटॉप सोलर पावर यूनिट कार्बन डाइऑक्साइड या अन्य जहरीली गैसें उत्सर्जित नहीं करती हैं। फोटोवोल्टिक सेल्स के माध्यम से धूप को लेकर सोलर एनर्जी का उत्पादन किया जाता है। ताकि सिस्टम के साथ स्वास्थ्य से जुड़े कोई खतरे ना हो। सोलर एनर्जी साफ, प्राकृतिक और स्वास्थ्यवर्धक है। रूफटॉप सोलर पावर यूनिट काफी किफायती होती हैं।

**यह होते है लाभ...**

ये स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा का स्रोत है। बिजली के बिल में कटौती होती है। बेहतर रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट, सस्ता एवं टिकाऊ विकल्प, विद्युत व्यय पर मनचाहा नियंत्रण रहता है।

## एमपीईबी: डिजिटल मीटर लगाने में चूक

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की कम्प्यूटर लेब की वायरिंग जली, हुई गहमागहमी



**मंदसौर, 15 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा इन दिनो शहर में डिजिटल मीटर लगाए जाने का कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार को शहर के केशवनगर क्षेत्र में मीटर बदलने का कार्य किया जा रहा था। इस दौरान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर केशवनगर का विद्युत मीटर भी बदला गया। लेकिन, ठेकेदार के कारिंदो द्वारा कनेक्शन उल्टे किए जाने से कम्प्यूटर लेब की वायरिंग जल गई। जिससे अफरा तफरी का माहौल हो गया। वहां कई लोग इकट्ठे हो गए और ठेकेदार और उसके कर्मचारियो से काफी कहासुनी हुई। हालांकि, बाद में ठेकेदार ने पूरी वायरिंग ठीक करने की बात कही। खबर लिखे जाने तक वायरिंग का कार्य चल रहा था।

**बड़ा हादसा टला...**

शुक्रवार शाम करीब 4 बजे मीटर चेंज कर ठेकेदार के कर्मियो ने लाईट चालू की। उसी समय अचानक कम्प्यूटर लेब से धुंआ निकलने लगा। वह तो गनीमत रही कि 10 मिनट पहले ही बच्चे कम्प्यूटर लेब से बाहर निकले थे। यदि उस समय भी बच्चे अंदर होते और कम्प्यूटर भी चल रहे होते तो बड़े हादसे की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता था।

**विभाग प्रचारक ने जाहिर की नाराजी...**

वायरिंग जलने का हादसा होने के बाद मौके पर पहुंचे आरएसएस के विभाग प्रचारक ने धुआं उठते देखा तो उन्होंने भी नाराजगी जाहिर की। उस समय तक ठेकेदार के कर्मचारी तो भाग गए थे। लेकिन, एमपीईबी के दो कर्मचारी आए थे। प्रचारकजी ने उनसे बात की और कार्यालय में चले गए।

**लेब में ही बैठाया कर्मचारियो को...**

इधर कुछ लोग दोनो कर्मियो को कम्प्यूटर लेब में ले गए। वहां कहा कि अपने अधिकारियो को बुलाओ। करीब आधे घंटे बाद डीई प्रेम पालीवाल और शहर एई पियूष पंवार मौके पर पहुंचे। आक्रोशित लोगो ने उनसे इतनी देर होने का कारण पूछा तो कहा गया कि क्या हो गया, हम आए तो है। यह सुनते ही लोगो ने दोनो कर्मियो सहित दोनो अधिकारियो की सुताई कर दी। उन्हें करीब आधे घंटे तक लेब में बैठाए रखा गया। जब उन्होंने जाने की जल्दी दिखाई तो कहा गया कि वायरिंग जलने की बदबू तो तुम्हें भी सूंघना ही पड़ेगी। आखिर तुम्हारे कर्मचारियो ने ही गलत काम किया है। बाद में हाथाजोड़ी की तो उन्हें जाने दिया गया।

**मीटर बदलने का काम नौसिखियो के जिम्मे...**

दरअसल पुराने मीटर बदलकर नए डिजिटल मीटर लगाने का ठेका बीसीआईटीएस फर्म को दिया गया है। बताया जा रहा है कि उसने अपने किसी व्यक्ति को उप ठेका दे दिया है। जिसने कम पैसे लगाने के चक्कर में नौसिखिए कर्मचारियो को लगा दिया है। जिससे इस तरह का हादसा हो गया। हादसा होने के बाद ठेकेदार के कर्मचारी तो भाग गए और भुगतना विद्युत मंडल के कर्मचारियो और अधिकारियो को। होना यह चाहिए कि जहां भी मीटर बदले जा रहे है, वहां मंडल का एक कर्मचारी भी साथ होना चाहिए। जो यह चेक कर सके कि वायरिंग सही की गई है या नहीं।

**करा रहे हैं नई वायरिंग...**

इस संबंध में विद्युत मंडल के डीई प्रेम पालीवाल से चर्चा की तो उन्होंने कहा कि ठेकेदार के कर्मियो से कुछ गलती हो गई थी। जिससे वायरिंग जल गई है। नई वायरिंग कराई जा रही है। कम्प्यूटरो में कोई नुकसान नहीं हुआ है। डिजिटल मीटर में किसी तरह की खराब नहीं है।

### नीलगायों की नसबंदी पर किया जा रहा है विचार...

## अफीम फसल बचाने किसानों द्वारा किए जा रहे जतन

**मंदसौर 15 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** खेतो में खड़ी फसलो को नीलगायो द्वारा जिसे ग्रामीणो की भाषा में रोजड़ा कहा जाता है, द्वारा काफी नुकसान किया जाता है। किसानो की इस स्थायी समस्या का कोई निराकरण लंबे समय से नहीं हो पाया है। प्रतिवर्ष किसानो की लाखो करोड़ो की फसलो को नीलगायो द्वारा नुकसान किया जाता है। वर्तमान में अपनी अफीम फसल सहित अन्य फसलो को बचाने के लिए किसानो द्वारा कई तरह के जतन किए जा रहे है।

वन मंडलाधिकारी सामान्य वन मंडल मंदसौर द्वारा बताया गया है कि जिले में नीलगाय पकड़ने की मांग के संबंध में वरिष्ठों को अवगत कराया गया है। जिस पर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) मध्य प्रदेश भोपाल से जानकारी प्राप्त हुई कि नीलगायों को कृषि क्षेत्र से पकड़ने की कार्यवाही एवं नसबंदी की योजना पर मुख्यालय स्तर पर विचार किया जा रहा है। नीलगायों से जनहानि एवं जनघायल के प्रकरणों पर मध्य प्रदेश शासन वन विभाग के



आदेशानुसार विभाग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। फसल नुकसानी मुआवजा राशि राजस्व पुस्तक परिपत्र के खंड 6 क्रमांक 4 में संशोधन अनुसार भुगतान की कार्यवाही लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रावधान अनुसार राजस्व विभाग द्वारा संपादित की जाती है। वन्य प्राणी के पग मार्ग पहचान के संबंध में क्षेत्रीय वन अमले द्वारा स्थानीय स्तर पर राजस्व विभाग का सहयोग किया जा रहा है।

बता दें कि इन दिनो खेतो में काले सोने (अफीम) की फसल परवान चढ़ रही है। इस फसल को नीलगाय और तोतो से बचाना पड़ता है। इनसे सुरक्षा के लिए किसान काफी जतन कर रहे है। मंदसौर जिला काले सोने (अफीम) के नाम से देश ही नहीं विदेशों में भी जाना जाता है। इन दिनों अफीम की फसल तैयार हो रही है। ऐसे में किसानों की परेशानी और बढ़ गई है। क्यों की अफीम की फसल को चोरी होने के डर से किसान रात भर खेत पर ही रखवाली करते है तो वहीं क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या रोजडे (नीलगाय) की है। नीलगाय अगर खेत में घुस गई तो पूरा खेत ही नष्ट कर जाती है। इसलिए जितने हिस्से में अफीम की फसल बोई गई है, उसकी तार फैंसिंग की गई है। ठंड ज्यादा गिरे तो पाले से बचाने के लिए पुरानी साड़ियो को बांधा गया है। पाला गिरने की आशंका पर ज्यादा जतन करने पड़ते है।

## रात हुई सर्द, हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन

**मंदसौर, 15 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** उत्तरी हवाओं ने अंचल में ठिठुरन बढ़ाई है। यही कारण है कि दिन की तुलना में रातें ज्यादा सर्द है। रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान 23 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास बना हुआ है। वहीं आगे दो दिन और ऐसा ही मौसम बना रहेगा। इसके बाद सोमवार-मंगलवार से तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।



मौसम जानकारों के अनुसार उत्तर भारत मे पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। हालांकि इसका असर प्रदेश में ज्यादा नहीं है। कही-कही हल्के बदल छाए है। बादलों की उंचाई अधिक होने से बारिश की संभावना नहीं है। मौसम जानकारों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ गुजरने और बादल छटने के बाद ठंड में तेजी आएगी। इस दौरान तापमान में भी हल्की गिरावट आएगी, रातें ज्यादा सर्द होगी।



**पुलिया से गिरा ट्रक-** गुरुवार-शुक्रवार की दरयिमानी रात फतेहगढ़ और सोनगरी के बीच बनी पुलिया पर एक ट्रक अनियंत्रित हो गया। जो पुलिया की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरा। इस दुर्घटना में कोई जनहानी की खबर नहीं है।

## सोना 650 तो चांदी हुई 1700 रुपए महंगी

**मंदसौर, 15 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** सोने-चांदी के भाव में भारी उठापटक का दौर जारी है। शुक्रवार को सोने का भाव 62 हजार 700 रूपए प्रति दस ग्राम तो चांदी का भाव 74 हजार 700 रूपए किलो रहा। इसके दो दिन पहले बुधवार को करीब महीनेभर बाद सोना लुढ़ककर 62 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के नीचे तो चांदी 72 हजार रुपए प्रतिकिलो के नीचे बिकी थी। अगले ही दिन गुरुवार को अमेरिका के फेडरल रिजर्व बैंक द्वारा अगले साल से ब्याज दरों में कटौती के संकेत देते ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना-चांदी के भावों में तेजी आ गई। इसका असर भारत में भी देखने को मिला। गुरुवार को सोने के भाव 650 रुपए प्रति 10 ग्राम तेज हो गए तो चांदी में 1700 रुपए प्रति किलो का उछाल आ गया। व्यापारियों के अनुसार यह तेजी फिलहाल जारी रहेगी।

शहर में दीपावली के बाद से सोना-चांदी के भाव में तेजी जारी है। 15 नंवबर के बाद से तो सोना 62 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम भाव के उपर बिक रहा था। चांदी के भाव 72 हजार रुपए प्रति किलो के उपर बने हुए थे। इस माह के प्रारंभ में सोना रिकॉर्ड भाव 63 हजार 100 रुपए प्रति 10 ग्राम बिकने के बाद 62 हजार रुपए के उपर ही रहा है। चांदी भी रिकॉर्ड भाव 74 हजार 700 रुपए प्रति किलो बिकने के साथ 73 हजार रुपए के आस-पास बनी हुई थी। इसका कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी के साथ भारत में लग्नसरा की ग्राहकी के कारण भाव में तेजी रही। अब लग्नसरा की ग्राहकी कम होने लगी तो दो दिन से भाव में नरमी आ रही थी। करीब एक महीने बाद सोना 62 हजार रुपए से लुढ़ककर 61 हजार 950 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आया तो चांदी के भाव भी 72500 रुपए से टूटकर 71900 रुपए प्रति किलो पर आ गए थे। व्यापारियों के अनुसार भाव में अभी मामूली गिरावट के साथ भाव स्थिर रहने की संभावना थी। लेकिन, अमेरिका के फेडरल रिजर्व बैंक द्वारा आगामी वर्ष में ब्याज दर में कटौती के संकेत के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है।

**अगले साल और चमकेगी दोनों धातुएं...**



सराफा बाजार के एक्सपर्ट की माने तो लग्नसरा की ग्राहकी कमजोर होने से शहर में सोना-चांदी के भाव में कमी आ रही थी। अमेरिका द्वारा महंगाई पर काबू करने के लिए ब्याज दर बढ़ा रखी थी। बीती रात अमेरिका के फेडरल बैंक की बैठक में अगले साल तीन बार ब्याज दरों में कटौती का संकेत दिया गया। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में फिर से सोना-चांदी की खरीदी में तेजी आ गई। सोना-चांदी के भाव अंतरराष्ट्रीय स्तर से तय होते हैं। ऐसे में भारत में भी भाव बढना थे। यह तेजी फिलहाल रहेगी और सोना-चांदी में निवेश के लिए यह अच्छा समय है। नए साल में सोना चांदी अच्छा रिटर्न देंगे।

## बस स्टैंड पर चेन स्नेचर को पीटा


**मनासा, 15 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर के बस स्टैंड पर हंगामा हो गया। दरअसल बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रही एक महिला के गले से बदमाश ने सोने का मंगलसूत्र छीन कर भागने की कोशिश की। इस दौरान महिला के शोर मचाने पर मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी को रंगेहाथ पकड़कर पहले धुनाई की फिर पुलिस के सूपुर्द कर दिया।

बताया जा रहा है कि आरोपी बदमाश मनासा के गांव हाड़ी पिपलिया का रहने वाला पप्पू है, जो मनासा बस स्टैंड पर भीड़ का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम ने की फिराक में था। इस दौरान बस का इंतजार कर रही महिला के गले से आरोपी न मंगलसूत्र उड़ा लिया। इसकी भनक लगते ही महिला ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर मौके पर मौजूद लोगों ने बदमाश को पकड़ लिया। पीड़ित महिला और कुछ लोगों ने बदमाश की जमकर पिटाई कर दी। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी से मंगलसूत्र बरामद कर उसे थाने ले गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## डॉ मोहन यादव के मुख्यमंत्रित्व काल की शुरुआत ऐसी है तो आगामी लक्ष्य कैसा होगा...?

**मंदसौर/उज्जैन, 15 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की कैबिनेट की पहली बैठक में निर्णय लेकर जिस शुरुआत को प्रदेशवासियों से साझा किया है। उससे यह सहज मापा जा सकता है कि मुख्यमंत्री का लक्ष्य क्या और कैसा होगा। अनुभवियों ने मान लिया है कि पहले ही काबिना बैठक में प्रदेश के विकास के लिए चारों दिशाओं को अपनी पैनी प्रशासनिक नजरों से भांप चुके हैं। ऐसा तब जाहिर हुआ, जब अपनी पहली पत्रकार वार्ता में कैबिनेट में किए गए निर्णयों की जानकारी परोसी गई। विद्यार्थी परिषद के साथ-साथ छात्र राजनीति में सक्रिय रहने वाले डॉक्टर मोहन यादव ने शिक्षा के क्षेत्र में समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज को प्रत्येक जिले में स्थापित करने की घोषणा ने सम्पूर्ण शिक्षा जगत के छात्रों बालको और समाज को उच्च स्तरीय प्रगतिशील भेंट दी है। जिसमें सभी स्तर के कोर्स संसाधन सहित उपलब्ध रहेंगे।

उन्होंने दूसरी भेंट भी पूरे समाज को देते हुए बताया की अनेकों मामलों में अपराधियों को आसानी से बार-बार जमानत मिल जाती थी। ऐसी धाराओं पर गृह विभाग को सचेत करते हुए इस कमी को दूर करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। ताकि अपराधियों को उनके दुष्कर्म की सजा मिले और समाज को राहत। तीसरा मामला भी महत्वपूर्ण है, इसमें आम काश्तकार अधिक उलझते रहे हैं। अब उन्हें और आम आदमी को नामांतरण की प्रक्रिया की जटिलता से निजात मिलने की संभावना दिख रही है। अब से जो भी व्यक्ति जमीन, मकान खरीदी-बिक्री करेगा, तब रजिस्ट्री के साथ ही उसके नामांतरण की प्रक्रिया भी कराई जा सकेगी। जिससे नामांतरण के लिए अलग से बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाना पड़ेंगे। इस विषय पर आम लोगों को राहत मिलने की चर्चा भी आम हो रही ह।



चन्द्रमोहन भगत

इसके अलावा ध्वनि विस्तारक यंत्रो की निकृष्ट आवाज पर नियंत्रण लगाने के लिए भी मुख्यमंत्री ने निर्णय लेकर आम नागरिकों को जो राहत पहुंचाई है, वह संवेदनशील होकर अति आवश्यक मुद्दा था। दरअसल धार्मिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारको का बैजा उपयोग किया जाने लगा था। प्रतिस्पर्धा के चलते एक दूसरे से ज्यादा आवाज वाले उपकरणों का उपयोग बढ़ते ही जा रहा था। चूंकि धर्मस्थलों का मामला होता था तो सामान्य नागरिक आपत्ति नहीं कर पाता था। जबकि, किसी के घर बच्चों की पढ़ाई तो किसी की सामान्य दिनचर्या में ऊंची आवाजों से असहनीय दखल पैदा होता था। आम व्यक्ति ना चाहते हुए भी इसे इसलिए सहता था कि किसी एक को भी मना करने पर वह दूसरे वर्ग का हवाला देकर स्पर्धा करता था। परेशानी आम नागरिकों को उठाना पड़ रही थी। नतीजा विवाद ना हो इसलिए आम आदमी ध्वनि प्रदूषण को सहता रहता था। इतनी संवेदनशील समस्या को स्वत: संज्ञान में लेकर मुख्यमंत्री ने प्रदेश की आम जनता को जो राहत पहुंचाई है। उसके लिए प्रत्येक आहत परिवार, व्यक्ति समाजजन उन्हें आभार प्रेषित कर रहे हैं।

रही बात सार्वजनिक स्थान पर अंडे, मांस विक्रेताओ की तो इसे मुख्यमंत्री ने आम व्यक्ति के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा नियमो के अंतर्गत चलाए जाने की प्राथमिकता तय की है। प्रदेश भर के अनेक मार्गो पर अवैध दुकानो का संचालन तो हो ही रहा था, साथ में सफाई और गुणवत्ता का ध्यान भी नहीं रखा जाता था। मुख्यमंत्री के निर्देशो के बाद संभवत: जो भी अंडे व मांस विक्रय की दुकान खुलेगी, वह खाद्य सुरक्षा के नियमो के अधीन लायसेंसी होकर आम उपभोक्ताओ की सेहत और शहर के पर्यावरण और स्वच्छता का ध्यान रखकर ही खोली जा सकेगी।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कार्यकाल की शुरुआत ही अगर शिक्षा, धर्म, कानून व्यवस्था और राजस्व से जुड़े होकर जनमत को राहत पहुंचाने वाले निर्णय से हो चुकी है तो अभी पूरे पांच साल बाकी है। प्रदेश के आम नागरिकों को जैसे-जैसे मोहन राज में राहत मिलती जाएगी, आम आदमी के मन से भी वैसे-वैसे ही उन्हें आशीष और साधुवाद मिलता रहेगा। उम्मीद यह भी की जा रही है कि पं. दीनदयाल उपाध्याय का सपना समाज के अंतिम छोर पर जीवन गुजारने वालों पर भी प्रदेश के मुखिया की नजरों के साथ शासकीय योजनाओं की राहत भी पहुंचेगी।

### मामला बीजेपी नेता धीरज पाटीदार पर अमानत में खयानत के प्रकरण का...

## अब मल्हारगढ़ एसडीओपी करेंगे जांच

**मंदसौर, 15 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा में वर्षो से काम कर रहे भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार के खिलाफ दो दिन पहले वायडी नगर थाने में एक फर्जी प्रकरण दर्ज करने का आरोप लगा है। मामले में जो तथ्य सामने निकल कर आये है वे हैरान करने वाले है। गरोठ के एक व्यक्ती जिसकी दो -दो बार मामले में जांच पुलिस पूर्व में कर चुकी है। उसकी जांच को फिर से खोला गया और रातो रात लंबा उलझाने वाली धाराओं में प्रकरण दर्ज कर दिया गया।

भाजपा नेता धीरज पाटीदार और उनके भाई पवन पाटीदार एवं जॉन डियर फायनेंसल इंडिया प्रायवेट लिमिटेड के मेनेजर के खिलाफ वायडी नगर पुलिस ने एक तरफा बिना कोई ठोस जांच किये धारा 406, और 409 के तहत अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज कर दिया। मामले में आम तौर पर धारा 409 शासकीय सेवको के द्वारा की गई धोखाधड़ी के मामले में लगाई जाती है। लेकिन, भाजपा नेता धीरज पाटीदार का पक्ष सुने बिना ही उन पर मुकदमा दर्ज करना कुछ और ही कहानी बता रहा है। भाजपा नेता धीरज पाटीदार पर प्रकरण दर्ज करने के बाद शुक्रवार को दिनभर हलचल तेज हो गई और रात को पुलिस कप्तान श्री अनुराग सुजानिया के समक्ष जब हकीकत सामने आई तो उन्होने पूरे मामले की जांच एसडीओपी मल्हारगढ़ श्री नरेन्द्र सोलंकी को सौप दी है। इस मामले में भाजपा नेता धीरज पाटीदार ने बताया की उन पर गलत एफआईआर दर्ज की गई है। पहले भी उनके खिलाफ गरोठ थाने में और फिर वायडी नगर थाने में आवेदन दिया गया था। लेकिन इस मामले में हमारा पक्ष सुनने के बाद दोनो जगह आवेदन को प्रकरण दर्ज करने लायक नही माना गया था।

मध्यप्रदेश शासन

'पहुंचेंगे हर वंचित तक'



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

# विकसित भारत संकल्प यात्रा



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री

प्रधानमंत्री
## नरेन्द्र मोदी
द्वारा

वर्चुअल एवं

## डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश की गरिमामयी उपस्थिति में

# शुभारंभ

16 दिसम्बर, 2023 | अपराह्न 3:00 बजे
दशहरा मैदान, उज्जैन, मध्यप्रदेश

एमपी के मन में मोदी




- भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पांच राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, राजस्थान एवं मिजोरम की प्रचार वेन का हरी झंडी दिखाकर वर्चुअल शुभारंभ
- माननीय प्रधानमंत्री जी का आम जन को संदेश एवं विभिन्न योजनाओं पर आधारित फिल्मों का प्रदर्शन
- केन्द्र एवं राज्य शासन की जनहित योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभ
- प्रचार वेन के माध्यम से योजनाओं की जानकारी आम जन तक पहुंचाना
- **'मेरी कहानी मेरी जुबानी'** यानी लाभार्थियों के अनुभवों से योजनाओं का प्रचार-प्रसार
- शेष बचे पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन
- स्वास्थ्य कैम्प, क्विज़, सांस्कृतिक कार्यक्रम व ड्रोन प्रदर्शन जैसे जागरुकता कार्यक्रम
- ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की अनेक योजनाएं सम्मिलित

सीधा प्रसारण https://pmindiawebcast.nic.in @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी D-11154/23 आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023

मध्यप्रदेश शासन

# मोदी जी की गारंटी

## यानी गारंटी पूरी होने की गारंटी

### "हर संकल्प पूरा करने को प्रतिबद्ध" - डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश



### मध्यप्रदेश संकल्प पत्र 2023 में उल्लेखित कुछ प्रमुख संकल्प

**सशक्त नारी**

- पात्र बहनों को आर्थिक सहायता एवं पक्का आवास
- 15 लाख महिलाओं को लखपति योजना में कौशल प्रशिक्षण देकर बनायेंगे लखपति
- लाड़ली लक्ष्मियों को 21 वर्ष तक कुल ₹ 2 लाख
- पात्र बहनों को ₹ 450 में गैस सिलेण्डर
- बीपीएल परिवार की बेटियों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा

**समृद्ध किसान**

- किसानों को पीएम किसान एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में ₹ 12,000 की प्रतिवर्ष सहायता
- ₹ 2700 प्रति क्विंटल गेहूं एवं ₹ 3100 प्रति क्विंटल धान की खरीद, बोनस भी

**जनजातीय कल्याण**

- ₹ 3 लाख करोड़ से जनजातीय समुदाय का सशक्तिकरण
- तेंदूपत्ता संग्रहण दर बढ़कर होगी ₹ 4,000 प्रति बोरा
- हर एसटी ब्लॉक में एकलव्य विद्यालय
- एसटी बहुल मंडला, खरगोन, धार, बालाघाट एवं सीधी जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना
- ₹ 100 करोड़ से पूजा स्थलों का विकास एवं नवीनीकरण



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

**सुशासन एवं कानून व्यवस्था**

- कमिश्नर प्रणाली भोपाल एवं इंदौर के बाद जबलपुर और ग्वालियर में होगी लागू
- भोपाल में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय का निर्माण

**सबका साथ, सबका विकास**

- 5 वर्षों तक मिलता रहेगा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ
- प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ ही मुख्यमंत्री जन आवास योजना में पक्के आवास
- वरिष्ठ एवं दिव्यांग जन को ₹ 1500 मासिक पेंशन
- गिग वर्कर्स के कल्याण एवं अधिकारों के लिए बोर्ड
- पीएम विश्वकर्मा योजना में पारंपरिक कारीगरों को ₹ 15 हजार की वित्तीय सहायता, ₹ 500 दैनिक भुगतान
- असंगठित श्रमिकों के लिए ई-श्रम पोर्टल, आयुष्मान भारत का 100% पंजीकरण

**उत्तम शिक्षा एवं सक्षम युवा**

- गरीब परिवारों के छात्रों को कक्षा 12 तक मुफ्त शिक्षा
- मिड-डे मील के साथ पौष्टिक नाश्ता भी
- हर संभाग में IIT की तर्ज पर मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- हर परिवार में कम से कम एक युवा को रोज़गार-स्वरोज़गार
- मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना में कौशल प्रशिक्षण एवं ₹ 10 हजार तक स्टाइपेंड
- हर जिले में एक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

**स्वस्थ प्रदेश**

- आयुष्मान योजना में ₹ 5 लाख से ऊपर खर्च होने पर प्रदेश सरकार उठाएगी इलाज का खर्च
- ₹ 20,000 करोड़ से सुचारु होंगी स्वास्थ्य सुविधाएं
- हर संभाग में एम्स की तर्ज पर मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस की स्थापना
- हर संसदीय क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज एवं 2,000 मेडिकल सीटों की वृद्धि

**सुदृढ़ आधारभूत संरचना**

- क्षेत्रीय विकास के लिए बुंदेलखंड, विंध्य एवं महाकौशल विकास बोर्ड
- अटल गृह ज्योति योजना में ₹ 100 में 100 यूनिट बिजली
- विंध्य एक्सप्रेसवे, नर्मदा पथ, अटल प्रगति पथ, मालवा-निमाड़ पथ, बुंदेलखंड पथ एवं मध्य भारत विकास पथ का निर्माण
- 80 रेलवे स्टेशनों का विश्वस्तरीय आधुनिकीकरण
- वंदे मेट्रो एवं वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों का विस्तार
- रीवा, सिंगरौली एवं शहडोल में हवाई अड्डे
- भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर में मेट्रो रेल

**सांस्कृतिक धरोहर एवं विकसित पर्यटन**

- संत शिरोमणि गुरुदेव श्री रविदास जी का स्मारक निर्माण एवं ₹ 150 करोड़ से धरोहर संरक्षण मिशन शुरू करके ऐतिहासिक स्मारकों का नवीनीकरण
- सभी जनजातीय नायकों के भव्य स्मारकों का निर्माण
- 13 सांस्कृतिक लोकों का निर्माण
- नमामि नर्मदे परियोजनाएं शीघ्र होंगी पूर्ण
- ₹ 7,500 करोड़ के निवेश के साथ 2 लाख युवाओं को पर्यटन के क्षेत्र में प्रशिक्षण, रोज़गार तथा स्वरोज़गार के अवसर

**प्रगतिशील अर्थव्यवस्था एवं औद्योगिक विकास**

- अगले 7 वर्ष में प्रदेश को ₹ 45 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बनायेंगे
- ₹ 20 लाख करोड़ का निवेश लाकर प्रति व्यक्ति आय करेंगे दोगुनी
- एक्सप्रेस-वे के पास औद्योगिक कॉरिडोर का निर्माण कर 4.50 लाख से अधिक युवाओं को रोज़गार और स्वरोज़गार के अवसर
- 10 नए एमएसएमई क्लस्टरों का निर्माण एवं ₹ 5 हजार करोड़ के निवेश के साथ एमएसएमई उद्योगों को न्यूनतम दर पर ऋण

एमपी के मन में मोदी

D-11154/23

## सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

# सीएम का आदेश: कलेक्टर-एसपी ने ली बैठक

## धर्मगुरुओं के साथ शांति समिति के सदस्य हुए शामिल



**मंदसौर, 15 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा धार्मिक स्थलों पर लगे लाउड स्पीकरों और मांस -मछली, अंडे की दुकानों के संबंध में दिए गए आदेश के बाद कार्रवाई शुरु हो गई है। मंदसौर जिला मुख्यालय पर कलेक्टर दिलीपकुमार यादव और पुलिस कप्तान अनुराग सुजानिया ने शांति समिति की बैठक ली। जिसमें सभी धर्म गुरुओं को भी आमंत्रित किया गया। इधर नियमों को ताक पर रखकर चल रही मांस मटन की दुकानों को हटाने को लेकर भी चर्चा हुई।

**जिलेभर में शुरु हुई कार्रवाई-** मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री चुने जाने के बाद डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को एमपी में लाउड स्पीकर और डीजे हटाने के आदेश दिए। इसके चलते जिले के सीतामऊ, नाहरगढ़, दलौदा नगरी, धमनार में जिला प्रशासन ने कार्रवाई शुरु कर दी। जिला प्रशासन और पुलिस की टीम ने शुक्रवार को चिह्नित धार्मिक स्थलों पर समाज के लोगों के साथ बैठक की और फिर वहां लगे स्पीकर हटाए। इसके साथ ही अन्य जगहों पर लगे स्पीकर भी हटाए गए।

**लाउड स्पीकर चलाने में सुप्रीम कोर्ट के नियमों का पालन जरुरी-** कलेक्टर-कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव एवं पुलिस कप्तान श्री अनुराग सुजानिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक पुलिस कंट्रोल रूम सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान सभी समाज जनों को निर्देश दिए गए कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करने के दौरान सर्वोच्च न्यायालय के मापदंडों एवं निर्देशों का पालन करना होगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग इस तरह से करना होगा कि अन्य किसी व्यक्ति को परेशानी ना हो। इसमें सभी समाज जनों का सहयोग बहुत आवश्यक है।

धार्मिक एवं अन्य सभी स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग अपनी समय सीमा के अंदर करना होगा। अगर कहीं पर ध्वनि यंत्रों का दुरुपयोग किया जा रहा है। उसके लिए उडन दस्ता की टीम भी बनाई जाएगी। जो निरीक्षण कर कार्यवाही करेगी। ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज धार्मिक स्थलों के परिसर के दायरे तक ही सीमित रहे। आगामी दिनों में शहर के डीजे चलाने वाले मालिकों के साथ विशेष बैठक की जाएगी। इस संबंध में उनको भी विस्तार से दिशा निर्देश दिए जाएंगे। अगर उनके द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश का पालन नहीं किया गया तो उनके विरुद्ध कार्यवाही होगी। बैठक के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, शांति समिति के सभी सदस्य, समाज जन मौजूद थे।

**मांस विक्रय की दुकान बिना पंजीयन एवं खुले में नहीं चलेगी-** बैठक के दौरान यह भी निर्देश दिए गए कि जिले में संचालित जितने भी मांस विक्रेता की दुकानें हैं। वह बिना पंजीयन के नहीं चलेगी। इसके साथ ही इसी तरह की दुकान खुले रूप में भी नहीं चलेगी। इस तरह की सभी दुकान पंजीयन प्रमाण पत्र में दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार चलानी होगी।

**चाइनीज मांझा रखने वालों पर भी होगी सख्त कार्यवाही-** बैठक के दौरान सभी समाज जनों से कहा गया कि चाइनीज मांझा पर पूर्णत प्रतिबंध लगाया गया है। इस संबंध में सभी समाज जन जागरूक रहे। अगर कोई व्यक्ति इस तरह की सूचना देता है। तो सूचना पर तुरंत कार्यवाही भी की जाएगी। जिले में खुले बोरवेल, कुएं में गिरने से कोई जनहानि, कोई बड़ी दुर्घटना ना हो इसके लिए सभी जागरूक रहे तथा इस तरह की खुले रूप में खुले बोरवेल, कुएं दिखते हैं तो उसकी सूचना भी प्रशासन को दें तथा आम व्यक्तियों को भी उसका मुंह ढकने के लिए प्रेरित करें।

# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की समय सीमा बढ़ी




**मंदसौर, 15 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की अनिवार्यता पर आमजनों को खासी राहत मिल गई है। इसकी अनिवार्यता की समय सीमा अब बढ़ा दी गई है। परिवहन विभाग ने सभी वाहन शोरूम पर सुविधा उपलब्ध कराने की भी बात कही है। इसके लिए ऑनलाइन एप्लाई भी कर सकते हैं।

हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की अनिवार्यता को सरकार ने दिसंबर अंत तक बढ़ा दिया है। न्यायालय के आदेश पर पहले ये प्रक्रिया 15 दिसंबर तक पूरी होनी थी। लेकिन, तकनीकी वजहों से तारीख आगे बढ़ाई है। अप्रैल 2019 के बाद बिके वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। सरकार ने फिलहाल अंतिम तारीख घोषित नहीं की है, लेकिन दिसंबर अंत तक पहले चरण में महानगरों में काम पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

### पोर्टल स्लो होने के कारण समय पर नहीं हो पा रहा काम...

वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के आदेश जारी होने के बाद लोग इसे तेजी से अपने वाहनों में लगवाना चाहते हैं, लेकिन पोर्टल स्लो होने के कारण काम समय पर नहीं हो पा रहा है। ऑन लाइन पोर्टल वाहन पर नंबर प्लेट की बुकिंग करने के लिए वाहन मालिक एमपी ऑन लाइन सेंटरों पर जा रहे हैं।

### ऑनलाइन ऐसे करें एप्लाई...

✻ परिवहन विभाग के वाहन-4 पोर्टल पर लॉगिन करना होगा। ✻ इसके बाद स्टेट, शहर और वाहन मालिक का नाम व मोबाइल नंबर भरना होगा। ✻ यहां 2 या 4 व्हीलर का विकल्प देना होगा। ✻ गाडी की कंपनी या एजेंसी, जो आपके घर के नजदीक है, उसकी जानकारी देना होगी। ✻ अब गाडी का रजिस्ट्रेशन नंबर, चेसिस और इंजन नंबर भरना होगा। ✻ दो पहिया है, तो 300 से 500 तक और चार पहिया वाहन होने पर 500 से 800 रुपए ऑनलाइन चार्ज भरना होगा। ✻ एजेंसी से दो से तीन दिन में नंबर प्लेट बनाकर भेजी जाएगी।

# भारतीय कला एवं संस्कृति को सृदढ़ बनाने को लेकर सांसद गुप्ता ने लोकसभा में किया प्रश्न



**मंदसौर, 15 दिसम्बर गुरू एक्सप्रेस।** सांसद सुधीर गुप्ता ने भारतीय संस्कृति, लोककला आदि को सृदढ बनाने को लेकर लोकसभा में प्रश्न किया। सांसद गुप्ता ने प्रश्न करते हुए कहा कि सरकार द्वारा दिल्ली के लाल किले में भारतीय कला, वास्तुकला और डिजाइन द्विवार्षिक 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का क्या उदेश्य है। इससे भारतीय कला को किस प्रकार सृदढ बनाया जा सकता है। इस आयोजन में क्या कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है और उनके लक्ष्य और उदेश्य क्या है। साथ ही इस आयोजन में कितना व्यय किया जा रहा है। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए देश भर से कलाकारों और क्यूरेटरों को आमंत्रित किया है। प्रश्न के जवाब में संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जी. किशन रेड्डी ने बताया कि लाल किला, दिल्ली में 9 से 15 दिसम्बर, 2023 तक भारतीय कला, वास्तुकला डिजाइन द्विवार्षिकी, 2023 का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन कार्यक्रम 8 दिसम्बर, 2023 को आयोजित किया गया। यह जनता के लिए 31 मार्च 2024 तक खुला रहेगा।

इस द्विवार्षिकी का अभिकल्पन कलाकारों, वास्तुकारों, डिजाइनरों, फोटोग्राफरों, संग्रहकों, कला पारखियों, क्यूरेटरों, कला व्यावसायिकों, गैलरिस्ट, शैक्षणिक संस्थाओं, शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों और युवाओं के बीच समग्र रूप से वार्तालाप की पहल करने के उद्देश्य से किया गया ताकि सांस्कृतिक संवाद को सुदृढ किया जा सके और उन्हें नये मौके और अवसर प्रदान किए जा सकें। उन्होने बताया कि यह एक वैश्विक सांस्कृतिक पहल है और संस्कृति मंत्रालय का प्रमुख कार्यक्रम है। सरकार ने पूरे देश से कलाकारों और क्यूरेटरों को आमंत्रित किया है जिनका विवरण अनुलग्नक पर दिया गया है। साथ ही सम्पर्क के लिए सांस्कृतिक स्थान और रचनात्मक उद्योगों को सुदृढ करना और वैश्विक सांस्कृतिक कूटनीति के लिए कलाओं का लाभ उठाना। उन्होने बताया कि इस आयोजन के उदेश्य आयु, जैंडर और विधाओं से परे पारंपरिक, जमीनी स्तर के कारीगरों और समकालीन डिजाइनरों, क्यूरेटरों और विचारकों को प्रदर्शित करना। प्राचीन, आधुनिक, समकालीन और तकनीकी प्रधान कला, वास्तुकला और डिजाइन के क्षेत्रों में हमारे देश में उपलब्ध सर्वोत्कृष्ट पहलुओं का कीर्तिगान करना। उक्त कार्यक्रम के आयोजन पर कुल 20 करोड़ रुपये (लगभग) का व्यय किया गया है।

## अलसी के कट्टे उतारते चोर सीसीटीवी में कैद, पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया

**पिपलियामंडी, 15 दिसम्बर गुरू एक्सप्रेस।** दुकान के सामने खडी पिकअप से अलसी के 3 कट्टे चोरी कर ले गया बदमाश सीसीटीवी में कैद हो गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। काचरिया चन्द्रावत निवासी मुन्ना खान ने पिपलिया चोकी पर शिकायत दर्ज कराई कि उनकी पिकअप (आरजे 07 जीबी 9424) उनकी दुकान समर ट्रेडर्स के सामने खड़ी थी। जिसमें अलसी के कट्टे भरे थे। सुबह नीमच मंडी बेचने गए तो उसमें 3 कट्टे कम निकले। जब घर पर लगे सीसीटीवी चेक किए तो रात्रि में गांव का जसवन्त बावरी पिकअप पर चढ़कर कट्टे उतारते हुए देखा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

# मंदिर के शिखर पर स्वर्ण कलश आरोहण भक्ति और सेवा की पूर्णता का प्रतीक

## युवाचार्य वरुणेंद्र जी तीर्थ के सानिध्य में यज्ञशाला के निर्माण का भूमि पूजन समारोह संपन्न



**मंदसौर, 15 दिसम्बर गुरू एक्सप्रेस।** वेद की यह 10ली रिचा ही अग्नि है। अग्नि ही यज्ञों के संवाहक होती हैं जो मनुष्य और देवताओं के बीच सेतु का काम करती है। वेद से भी पहले यज्ञ का महत्व है। यह उद्गार व्यक्त किए शंकराचार्य अवान्तर पीठ भानपुरा के युवाचार्य पूज्य स्वामी श्री वरुणेंद्र जी तीर्थ महाराज ने। आप श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में आगामी 20 से 25 जनवरी 2023 को होने जा रहे 6 दिवसीय स्वर्णकलश आरोहण के निमित्त आयोजित 108 श्री हनुमंत महायज्ञ की यज्ञशाला के निर्माण के भूमि पूजन के समारोह को संबोधित कर रहे थे।

आपने कहा कि आकाश वायु अग्नि जल और पृथ्वी यह सभी पंच महाभूत तत्व है। क्योंकि मनुष्य स्थूल रूप में होते हैं और देव सूक्ष्म रूप में इसलिए यज्ञों के ही माध्यम से देवताओं तक हमारी आहुतियां पहुंचती हैं और माध्यम बनती है अग्नि इसलिए अग्नि के महत्व को सनातन परंपरा में शास्त्रों ने सर्वोपरि बताया है। इस अवसर पर चित्रकूट से आचार्य श्री रामानुज ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी मंदिर का की पूर्णता शिखर से होती है और शिखर की पूर्णता स्वर्ण कलश से होती है यह अतिशय सौभाग्य की बात है कि श्री बालाजी महाराज की कृपा हम सब पर हुई और स्वर्ण कलश आरोहण का शुभ अवसर उपस्थित हुआ है।

यज्ञाचार्य एवं विधि कारक आचार्य डॉ. देवेंद्र शर्मा शास्त्री ने कहा कि पृथ्वी के लिए जल बहुत आवश्यक है और अग्नि से ही जल उत्पन्न होता है। प्रभु प्रेरणा और उनकी दिव्य कृपा से श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर के शिखर पर स्वर्ण कलश का आरोहण हम सभी के सौभाग्य का जागरण है। अपने यज्ञों के महत्व की विवेचना करते हुए कहा कि यज्ञ के धुएं से ही बादल बनते हैं जो वर्षा के स्वरूप में ईश्वर की कृपा के रूप में हम पर बरसते हैं। आरंभ में से तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. धीरेंद्र त्रिवेदी ने कहा कि 1990 में 3 दशक पूर्व श्री तरह वाले बालाजी मंदिर के भव्य निर्माण की प्रेरणा ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी श्री दिव्यानंद जी महाराज ने अपने मंदसौर के चातुर्मास के दौरान दी थी। उन्हीं का मार्गदर्शन था कि शिखर निर्माण पूर्ण होने पर स्वर्ण कलश का भी आरोहण कराया जाए। यह बड़ा ही दिव्या संयोग रहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम लला बिराजेंगे। और 25 जनवरी को श्रीतलाई वाले बालाजी मंदिर के शिखर पर स्वर्ण कलश का आरोहण होगा। भगवान बालाजी ने यही निश्चय कर रखा था कि जब राम लला आएंगे तभी उनके मंदिर के शिखर पर स्वर्ण कलश चढ़ेगा। भगवान श्री बालाजी की कृपा हम सब पर सदा बरसती रहे। श्री बालाजी की तस्वीर पर माल्यार्पण और मंगलदीप प्रजनन कर पूज्य युवाचार्य ने समारोह का शुभारंभ किया विद्वान ब्राह्मण आचार्य ने वैदिक मित्रों का मंगलाचरण किया। युवाचार्य वरुणेंद्र जी तीर्थ और यज्ञाचार्य पं.देवेंद्र शास्त्री का स्वागत और सम्मान श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट की ओर से शाल और पुष्प माला पहना कर ट्रस्ट अध्यक्ष पं.धीरेंद्र त्रिवेदी ,कार्यकारी अध्यक्ष जयप्रकाश सोमानी , सचिव,धन्नालाल भगत, उपाध्यक्ष दिलीप कुमार जोशी कोषाध्यक्ष गोपाल गोयल सह सचिव अशोक गुप्ता ट्रस्टी महेश कटलाना आदि ने किया। नवनिर्वाचित विधायक विपिन जैन नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर हुडको डायरेक्टर बंशीलाल गुर्जर ने भी युवाचार्य जी का स्वागत किया। मंचीय आयोजन के बाद पंडित देवेंद्र शास्त्री द्वारा भूमि पूजन की विधि युवाचार्य जी सानिध्य में संपन्न कराई। समारोह का संचालन वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने किया।आभार सचिव धन्नालाल भगत ने माना। समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण और मातृशक्ति उपस्थित थे।

# श्री आर्यरक्षित सूरि जैन तीर्थ धाम में उवसग्गहरं पार्श्वनाथ सहित कई जिन बिम्बों की अंजनशलाका का प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न

**मंदसौर, 15 दिसम्बर गुरू एक्सप्रेस।** शुक्रवार को चन्द्रपुरा मेन रोड



पर नवनिर्मित श्री आर्यरक्षितसूरि जैन तीर्थधाम में 55 फीट उंचाई के सर्पराज शोभित जिनालय में कसोटी रत्नमय 73 फीट आकर्षक मूलनायक श्री उवसग्गहरं पार्श्वनाथ एवं आचार्य श्री आर्यरक्षित सूरिराज की भव्य गुरूमूर्ति और 12 अन्य देव देवी प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई। तीर्थ स्थल के प्रेरक आचार्य श्री अशोकसागरसूरिश्वरजी म.सा. सहित 5 जैन आचार्यों की पावन प्रेरणा व निश्रा में नवनिर्मित श्री आर्यरक्षित सूरि जैन तीर्थ में विराजित हुई प्रतिमाओं की भव्यातिभव्य अंजनशलाका प्रतिष्ठा महामहोत्सव कल आयोजित हुआ। इस महासम्मेलन में मंदसौर नगर ही नहीं अपितु मालवा मेवाड़ अंचल के हजारों श्रावक श्राविकाये शामिल हुए।

श्री उवसग्गहरं पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा को भराने व उसकी प्रतिष्ठा का धर्मलाभ संघवी पानी बेन मोहनलाल मुथा सोनवाड़िया परिवार की ओर से उनके पुत्र हंसराज, रमेशकुमार, सुरेशकुमार (चेन्नई) ने प्राप्त किया। आचार्य श्री अशोकसागर सूरिश्वरजी म.सा., आचार्य श्री सोम्यचन्द्र सागर सूरिश्वरजी म.सा., आचार्य श्री विवेकचन्द्रसागरसूरिश्वरजी म.सा., आचार्य श्री मतिचन्द्र सागर सूरिश्वरजी म.सा., प.पू. प्रवर्तक श्री धैर्यचन्द्र सागरजी म.सा. सहित कई जैन संतों व साहित्यों की पावन निश्रा में नवनिर्मित जिनालय में प्रभु पार्श्वनाथजी की प्रतिमा की प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई। प्रतिष्ठा के उपरांत सकल जैन समाज व नगर के गणमान्य आमंत्रित धर्मालुजनों हेतु स्वामीवात्सल्य का आयोजन किया गया। जिसका धर्मलाभ कुशालचंदजी बापूलालजी खमेसरा परिवार की ओर से श्रीमती सुमन खमेसरा, धर्मेन्द्र खमेसरा, चेतन खमेसरा ने लिया। प्रात:काल की नवकारसती के लाभार्थी रूपचंदजी कोठारी परिवार चेन्नई रहे। सायंकाल के स्वामी वात्सल्य का धर्मलाभ रणजीतसिंह भण्डारी परिवार की ओर से सुरेन्द्र भण्डारी व हितेश भण्डारी ने लिया।

**ये परिवार भी रहे प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा के लाभार्थी-** आचार्य श्री अशोकसागरसूरिश्वरजी म.सा. की प्रेरणा से कई अन्य परिवारों ने भी अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा का धर्मलाभ प्राप्त किया। आर्यरक्षितसूरिराज गुरू मूर्ति की प्रतिष्ठा का लाभ हेमलता बेन चन्द्रकुमार संघवी परिवार की ओर से अरविन्द, अनिल, अजय संघवी परिवार ने लिया। शांतिनाथजी की धातु प्रतिमा की बोली सुशील प्रवीण संघवी ने ली। प्रभु आदिनाथजी एवं सागरआनंदजी म.सा. की प्रतिमा की प्रतिष्ठा का लाभ मोहनबाई खुमानसिंह भण्डारी परिवार ने लिया।

## टीआई की उपस्थिति में नाहरगढ़ सड़क किनारे अवैध मांस की गुमटियां हटाई

**नाहरगढ़, 15 दिसम्बर गुरू एक्सप्रेस।** सीएम मोहन यादव एक्शन मोड में हैं. सीएम बनने के दूसरे दिन दूसरा बड़ा एक्शन ले लिया था. आपको बता दें कि विगत दिन सीएम मोहन यादव ने आदेश जारी किए थे कि अब से खुले में मांस की बिक्री नहीं होगी. जो ऐसा करेगा तो दंडात्मक कार्रवाई शासन द्वारा की जाएगी. ओर जनता यह



फैसला स्वागत योग्य बताया है। क्योंकि इन सड़क किनारे तथा कई मोहल्लों एवं गली गुच्छे में इन अवैध मांस की दुकान से हर राहगीर, आम जनता, माताए बहने, छात्र छात्राए, बहुत परेशान थे, गांवो में एंट्री होते ही खुले आम सड़क किनारे मांस की दुकान के ताबूत दिखाई देते थे, जो गांवो की दुर्दशा के साथ छवि बिगाड़ने का काम किया जारहा था, मांस की दुर्गंध से माताएं बहने को मुंह पर हाथ लगाकर रास्ते से गुजरने को मजबूर थी, मटन चिकन काटने के बाद जो मटीरियल निकलता तो उसको नाले में फेंका जाता था, जहां पर कुत्ते द्वारा सेवन करने के बाद वह इंसानों पर भी लपकना शुरू हो गए थे, इसी कड़ी मध्य प्रदेश शासन के आदेश अनुसार नाहरगढ टी श्री दिनेश प्रजापति की उपस्थिति में नाहरगढ, नई आबादी तथा पूरे क्षेत्र में जहां पर भी सड़क किनारे या गांव में खुले में अवैध मांस की बिक्री की जा रही थी, अवैध संचालन कर्ताओ की गुमटियां हटाई गई, और हिदायत दी गई के आगे से ऐसा ना करें नहीं तो दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ आज से

**मंदसौर, 15 दिसम्बर गुरू एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा मंदसौर जिले के चारों जनपद पंचायत में निकलेगी श्र जिसका शुभारंभ 16 दिसंबर 2023 से होगा श्र विकसित भारत संकल्प यात्रा का मंदसौर जनपद पंचायत से ग्राम लालघाटी से शुभारंभ होगा। शुभारंभ पश्चात यात्रा ग्राम मुल्तानपुरा एवं रलायता गांव में भ्रमण करेगी। जनपद पंचायत मल्हारगढ़ में ग्राम हिंगोरिया बड़ा से यात्रा का शुभारंभ होगी। शुभारंभ पश्चात यात्रा खत्याखेड़ी में भ्रमण करेगी। जनपद पंचायत सीतामऊमें यात्रा नाहरगढ से शुभारंभ होगी। शुभारंभ पश्चात यात्रा ग्राम खजूरीचंद्रावत एवं झलारा गांव में भ्रमण करेगी। जनपद पंचायत भानपुरा में ग्राम प्रेमपुरिया से यात्रा का शुभारंभ होगी। शुभारंभ पश्चात यात्रा धावत बुजुर्ग एवं गांधी सागर में भ्रमण करेगी। जनपद पंचायत गरोठ में ग्राम खड़ावदा से यात्रा का शुभारंभ होगी। शुभारंभ पश्चात यात्रा सेमरोल, बरोमा एवं सुरजना में भ्रमण करेगी।

## सातवां रक्तदान शिविर संपन्न

**नीमच/मनासा, 15 दिसम्बर गुरू एक्सप्रेस।** टीम जीवन दाता झरनेश्वर



के तत्वावधान में सातवां विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 110 यूनिट रक्तदान हुआ। टीम जीवन दाता झरनेश्वर के सक्रिय कार्यकर्ता मुकेश जी धाकड, राजेश लोहार, मनोज मार्शल, निर्मल कार्निया, विजय जैन, कंवरलाल सर, कन्हैया लाल धाकड, सत्यनारायण धाकड, किशन धाकड, पिंटू धाकड बरखेड़ा, सुरेश जी सालवी, कालूराम खाटकी, सुरेश झोपड़ियां, विनोद बगावत, दशरथ राठौर, संजय धाकड, आदि तथा जिसमें मुकेश अमृतलाल धाकड़ ने 88 वा रक्तदान किया। तथा रक्त वीरांगना वंदना मुकेश जी धाकड कंजार्डा ने पहली बार रक्तदान किया।

नीमच जिले का एक गांव चौकड़ी जिसमें हर-चार महीने में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है इस रक्तदान शिविर में एचडीएफसी बैंक शाखा नीमच का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉक्टर सत्येंद्र सिंह राठौड़ एवं उनकी टीम के तत्वावधान में सातवां विशाल शिविर अयोजित हुआ। टीम जीवन दाता झरनेश्वर की तरफ से सभी रक्त वीरों व वीरांगनाओं को बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं।

# सरदार पटेल ने देश के 566 देशी रियासतों को एकसूत्र में बांधकर मजबूत भारत का निर्माण किया-विधायक जैन

**मंदसौर, 15 दिसम्बर गुरू एक्सप्रेस।** भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 73 वीं पुण्यतिथि मन्दसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा सरदार पटेल की आदम कद प्रतिमा के समक्ष मनाई गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि मन्दसौर विधायक व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री विपिन जैन ने कहा कि सरदार पटेल का विराट व्यक्तित्व हमेशा अनुकरणीय है। उन्होंने अपनी राजनीतिक दक्षता और अदम्य साहस के बल पर विभिन्न खंडों में विभक्त देश के 566 देशी रियासतों को एकसूत्र में बांधकर एक मजबूत भारत का निर्माण किया था।

पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री प्रकाश रातड़िया ने कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाने के प्रयास में सरदार पटेल का अखंड भारत का सपना था। उन्होंने अपने जीवन की अंतिम सांस तक भारत की मजबूती के लिए प्रयत्न किए। शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेन्द्रसिंह तोमर ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत का गौरव पूरी दुनिया में बढ़ाया,उन्होंने भारत की एकता,अखंडता व संप्रभुता के लिए अनुकरणीय कार्य किये। उनके भारतवर्ष के लिए दिए गए योगदान को स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया है। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता महेन्द्रसिंह गुर्जर, पूर्व नपाध्यक्ष मो. हनीफ शेख,जिला कांग्रेस पदाधिकारीगण व कांग्रेस नेतागण मंजीतसिंह टूटेजा,प्रवीण मांगरिया,इष्ठ भाचावत, बबीतासिंह तोमर, शैलेन्द्र बघेरवाल, लक्ष्मण मेघनानी, मो. हुसैन रिसालदार, राजेश फरक्या, राजेन्द्र छाजेड़, विजयसिंह सिसौदिया, सुनील बसेर, हाजी रशीद खान, वहीद जैदी, सुरेश भाटी, विश्वास दुबे, सुनील पामेचा, संजय नाहर, सेवादल के जिलाध्यक्ष दिलीप देवड़ा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजनारायण लाड़ ने किया व आभार गोल चौराहा मण्डलम अध्यक्ष विजय जैन ने माना। यह जानकारी प्रवक्ता राजनारायण लाड ने दी।

## चार छात्रों का शालेय राज्य स्तरीय रोलबॉल प्रतियोगिता में चयन

**मंदसौर, 15 दिसम्बर गुरू एक्सप्रेस।** दशपुर विद्यालय के खेलप्रशिक्षक देवेंद्र बैरागी ने जानकारी देतेहुए बताया कि रतलाम में हुई संभागीय रोलबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय के छात्र प्रतीक सक्सेना कक्षा 12 वी अविका सोनी कक्षा 11वी सौम्या चौहान कक्षा 8 वी कनिष्क वर्मा कक्षा 8 वी का चयन हुआ है यह प्रतियोगिता दिनांक 16/12/2023 से 20/12/23 तक मन्दसौर में आयोजित की जावेगी।








# श्रीमद भागवत कथा कल से होगी आरम्भ

## बड़नगर के बैंड बाजे और 1100 कलश बढ़ाएंगे शोभा यात्रा की शोभा, व्यास पीठ पर महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी जी विराजेंगे



**मंदसौर, 15 दिसम्बर गुरू एक्सप्रेस।** आगामी 17 दिसंबर से 23 दिसंबर तक रुद्राक्ष माहेश्वरी भवन नयापुरा रोड पर श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का विराट आयोजन होने जा रहा है। कथा के लाभार्थी श्री रामगोपाल बापूलाल काबरा, पन्नालाल सालगराम गर्ग , पन्नालाल दलीचंद्र गर्ग केडिया परिवार एव अखिल भारतीय गुरू भक्त मण्डल हैं।

प्रधान व्यास पीठ पर महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी 108 श्री श्री उत्तम स्वामी जी विराजमान होकर भागवत कथामृत का रसपान कराएंगे। आयोजन की व्यापक तैयारियां की गई है प्रथम दिवस 17 दिसंबर को प्रात: 8:30 बजे जनकुपुरा बडा चौक स्थित श्री चार भुजानाथ मंदिर बड़ा चौक से पोथी शोभा यात्रा निकलेगी जिसमें 1100 महिलाएं अपने मस्तक पर कलश धारण कर कलश यात्रा के रूप में बड़नगर के बैंड बाजो तथा ढोल नगाड़े के साथ निकलेंगी। शोभायात्रा बडा चौक से आरम्भ होकर गणपति चौक, शुक्ला चौक, घंटाघर कालाखेत, नयापुरा रोड होते हुए माहेश्वरी भवन पहुंचेगी। जहां प्रथम दिवस कथा शुभारंभ के साथ पूज्य स्वामीजी के संक्षिप्त प्रवचन होंगे ।शोभायात्रा में पुरुषों के लिए सफेद वस्त्र एवं महिलाओं के लिए चुनरीदार वस्त्र ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है। द्वितीय दिवस 18 दिसंबर सोमवार को 24 अवतार प्रथम स्कंध नारद संवाद की कथा होगी। तृतीय दिवस 19 दिसंबर मंगलवार को सुखदेव आगमन ,प्रहलाद कथा ,अजामिल प्रसंग ध्रुव चरित्र पर होगी। 20 दिसंबर बुधवार चतुर्थ दिवस गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, राम जन्म, कृष्ण जन्म एवं नंदोत्सव पर होगी। 21 दिसंबर पंचम दिवस श्री कृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा ,56 भोग की 22 दिसंबर शुक्रवार को छठे दिवस महारास, रुक्मणी विवाह, मथुरा गमन की कथा होगी। प्रतिदिन कथा समय दोपहर 1 बजे से सायंकाल 5 बजे तक रहेगा। 23 दिसंबर शनिवार सप्तम दिवस कथा समय प्रात: 10 बजे से सुदामा चरित्र के साथ कथा विश्रांति होगी। श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के लाभार्थी काबरा परिवार, गर्ग केडिया अग्रवाल परिवार ने मंदसौर नगर व अंचल के धर्मावलंबियों से कथा श्रवण का लाभ लेने का अनुरोध किया है।


✻✻✻✻✻ नाम परिवर्तन ✻✻✻✻✻

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं देवेन्द्र कुमावत पिता इंदरमलजी ने अपना नाम परिवर्तन कर देवेन्द्र कुमावत पिता इंदरमल कुमावत कर लिया है। अत: आईन्दा आगे से मुझे मेरे नए नाम देवेन्द्र कुमावत पिता इंदरमल कुमावत के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

✻✻✻✻✻ भवदीय ✻✻✻✻✻

देवेन्द्र कुमावत पिता इंदरमल कुमावत


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in